सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/25/2020 - रा.भा. दिनांक : 28.06.2023

कार्यालय आदेश

विषय : माननीय संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों पर अनुवर्ती कार्रवाई।

विगत 27 फरवरी, 2023 को माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा संस्थान का राजभाषा विषयक निरीक्षण किया गया। प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-सीरी के का.ज्ञा.सं. 35/01/2020-राभा, दिनांक 26.06.2023 द्वारा समिति को दिए गए आश्वासन सभी सहकर्मियों की सूचनार्थ जारी किए गए हैं। अत: माननीय संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों को पूर्ण करने के लिए निम्नलिखित आदेश जारी किए जाते हैं :

1. **हिंदी में प्रवीणता प्राप्त सभी सहकर्मियों को निदेश दिया जाता है कि वे वैज्ञानिक कार्यों से इतर अपना प्रशासनिक एवं अन्य कार्य शत प्रतिशत हिंदी में करें। वैज्ञानिक कार्यों को भी यथासंभव हिंदी में करने का प्रयास करें।**
2. **हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त सभी सहकर्मी भी अपना प्रशासनिक एवं अन्य कार्य यथासंभव हिंदी में करें।**
3. **संस्थान में प्राप्त अंग्रेजी पत्रों के उत्तर भी हिंदी में दिए जाएं।**
4. **सभी विभागाध्यक्ष / समूह प्रमुख / अनुभाग प्रभारी भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम में उल्लिखित हिंदी पत्राचार के लक्ष्य (क एवं ख क्षेत्र को 100% और ग क्षेत्र को 65%) को प्राप्त करने के लिए सघन प्रयास करें।**

संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन संस्थान के प्रत्येक कार्मिक की संवैधानिक जिम्मेदारी है। अत: सभी सहकर्मी माननीय संसदीय राजभाषा समिति को दिए गए आश्वासनों को पूर्ण करने के लिए उपर्युक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

28/6/2023

(डॉ पी सी पंचारिया)
निदेशक

प्रतिलिपि (सूचना एवं अनुपालन हेतु) :

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक / प्रशासनिकअधिकारी
3. वित्त एवं लेखा नियंत्रक
4. सभी विभागाध्यक्ष / समूह प्रमुख
5. प्रभारी, एआईटीजी - सभी सहकर्मियों की सूचना एवं अनुपालन हेतु वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए
6. सूचना पट्ट
7. संबंधित फाइल